# समापन भाषण

माननीय सदस्यगण,

पंचदश बिहार विधान सभा का पंचम सत्र दिनांक 21 फरवरी, 2012 से प्रारम्भ होकर आज दिनांक 04 अप्रील, 2012 को समाप्त हो रहा है । इस सत्र में कुल-28 बैठकें हुई ।

सत्र के प्रथम दिन दिनांक 21 फरवरी, 2012 को महामहिम राज्यपाल द्वारा बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों के सह-समवेत बैठक में सदस्यों को सम्बोधित किया गया । बिहार विधान सभा में उद्‌भूत तथा बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों द्वारा यथा पारित तथा चतुर्थ सत्रोपरांत महामहिम राज्यपाल महोदय द्वारा अनुमत 09 (नौ) विधेयकों का विवरण सभा सचिव द्वारा सभा पटल पर रखा गया । 13 (तेरह) जननायकों के निधन पर शोक-प्रकाश किया गया एवं दिवंगत आत्माओं के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की गई ।

दिनांक 22 फरवरी, 2012 को माननीय मंत्री, वित्त विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2011-12 के आर्थिक सर्वेक्षण की प्रति सदन पटल पर रखी गयी ।

दिनांक 23 फरवरी, 2012 को माननीय मंत्री, कृषि विभाग द्वारा वर्ष 2012-2022 के लिए कृषि रोड मैप प्रारूप की प्रति सदन पटल पर रखी गयी ।

महामहिम राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर प्रस्तुत धन्यवाद प्रस्ताव पर दिनांक 22 फरवरी, 2012 से जारी वाद-विवाद का उत्तर दिनांक 23 मार्च, 2012 को माननीय मुख्यमंत्री द्वारा दिया गया तत्पश्चात धन्यवाद प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

दिनांक 24 फरवरी, 2012 को माननीय मंत्री वित्त विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2012-13 के आय-व्ययक को सदन में उपस्थापित करते हुए बजट भाषण दिया गया।

माननीय मंत्री, कृषि विभाग द्वारा प्रस्तुत कृषि रोड मैप के प्रारूप पर दिनांक 27 फरवरी, 2012 से जारी सामान्य विमर्श का उत्तर दिनांक 28 फरवरी, 2012 को माननीय मुख्यमंत्री द्वारा दिया गया ।

चीन से आये 70 सदस्यीय युवा प्रतिनिधिमंडल ने बिहार परिभ्रमण के क्रम में दिनांक 29 फरवरी, 2012 को सदन की कार्यवाही का अवलोकन किया ।

वित्तीय वर्ष 2012-13 के आय-व्यय पर हुए सामान्य विमर्श का उत्तर दिनांक 01 मार्च, 2012 को माननीय उप मुख्यमंत्री द्वारा दिया गया । आय-व्ययक में सम्मिलित 13 विभागों के अनुदानों की माँगों पर वाद-विवाद हुआ तथा सदन द्वारा विभागीय मंत्री के उत्तर के पश्चात् सदन द्वारा इसे स्वीकृत किया गया । शेष माँगे सदन में गिलोटिन (मुखबंध) द्वारा स्वीकृत हुआ ।

बिहार विधान सभा में सर्वसम्मति से महात्मा गाँधी की कर्म भूमि पूर्वी चम्पारण (मोतिहारी) में ही केन्द्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना करने का प्रस्ताव पारित हुआ । बिहार विधान सभा सचिवालय द्वारा उक्त प्रस्ताव की प्रति भारत सरकार के मानव संसाधन विकास विभाग को भेजा दिया गया ।

दिनांक 06 मार्च, 2012 को माननीय मंत्री, जल संसाधन विभाग द्वारा बिहार राज्य वित्तीय निगम के वर्ष 2009-10 के लेखा परीक्षण प्रतिवेदन की प्रति एवं बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम का वर्ष 1997-98, 1998-99 एवं 1999-2000 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक-एक प्रति सदन पटल पर रखी गयी ।

दिनांक 12 मार्च, 2012 को माननीय मंत्री, वित्त विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2011-12 के आय-व्ययक से संबंधित तृतीय अनुपूरक व्यय-विवरणी को सदन में उपस्थापित किया गया ।

माननीय सदस्य, श्री मंजीत कुमार सिंह द्वारा माननीय सदस्य श्री दामोदर सिंह को अपमानित करने संबंधी विशेषाधिकार हनन की सूचना सदन में प्रस्तुत किया गया और सदन की सहमति से इस विषय की जाँच एवं प्रतिवेदन हेतु विशेषाधिकार समिति को सौंप दिया गया ।

राजकीय विधेयकों में यथा- (1) बिहार विनियोग विधेयक, 2012, (2) बिहार विनियोग (संख्या-2) विधेयक, 2012, (3) बिहार वित्त विधेयक, 2012, (4) बिहार लोकायुक्त (संशोधन) विधेयक, 2012, (5) बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त (संशोधन) विधेयक, 2012, (6) चाणक्य राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2012 एवं (7) बिहार राज्य सार्वजनिक पुस्तकालय एवं सूचना केन्द्र (संशोधन) विधेयक, 2012 सभा द्वारा स्वीकृत हुआ ।

दिनांक 20 मार्च, 2012 को माननीया मंत्री उद्योग विभाग द्वार बिहार राज्य वित्तीय निगम का वर्ष 2007-08 एवं 2008-09 का 53वाँ एवं 54वाँ वार्षिक प्रतिवेदन की प्रति सदन पटल पर रखी गयी ।

दिनांक 27 मार्च, 2012 को माननीय मंत्री, वित्त विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2011-12 के तृतीय तिमाही के परिणाम बजट की प्रति सदन पटल पर रखी गयी ।

दिनांक 28 मार्च, 2012 को माननीय मंत्री वित्त विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2012-13 के "परिणाम बजट" एवं "जेण्डर बजट" की एक-एक प्रति तथा माननीय मंत्री, श्री गौतम सिंह द्वारा बिहार पीड़ित प्रतिकर स्कीम 2011 की प्रति सदन पटल पर रखी गयी ।

दिनांक 29 मार्च, 2012 को सामान्य लोकहित के विषय पर "रोहतास सहित अन्य जिलों में पहाड़ों के अवैध खनन से उत्पन्न स्थिति पर" सदन में हुए विमर्श का उत्तर माननीय मुख्यमंत्री द्वारा दिया गया ।

दिनांक 02 अप्रील, 2012 को माननीय मंत्री, श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा राज्य सूचना आयोग का वित्तीय वर्ष 2010-11 का वार्षिक प्रतिवेदन की प्रति सदन पटल पर रखी गयी ।

दिनांक 03 अप्रील, 2012 को माननीय मंत्री श्री नन्द किशोर यादव द्वारा भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक के वर्ष 2010-11 का अंकेक्षण प्रतिवेदन (1) राज्य का वित्त (2) सिविल बिहार सरकार की एक-एक प्रति सदन पटल पर रखी गयी तथा इसके जनता में बिक्री के लिए प्राप्य हो का प्रस्ताव पुस्तुत किया गया जो सदन द्वारा स्वीकृत हुआ ।

माननीय मंत्री श्री नन्द किशोर यादव द्वारा बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद उप-विधि, 1955 के संशोधन से संबंधित अधिसूचना संख्या-1003 दिनांक 14.09.2011 की प्रति सदन पटल पर रखी गयी ।

माननीय मंत्री श्री पी० के० शाही द्वारा पटना विश्वविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2010-11 की प्रति सदन पटल पर रखी गयी ।

माननीय प्रभारी मंत्री श्रम संसाधन विभाग द्वारा बिहार राज्य बाल श्रमिक आयोग अधिनियम-1996 की धारा-12(3) के तहत् बिहार राज्य बाल श्रमिक आयोग का वर्ष 2010-11 का वार्षिक प्रतिवेदन की प्रति सदन पटल पर रखी गयी ।

इस सत्र के दौरान 27 बैठकों में राज्य के 27 जिलों के विभिन्न माध्यमिक विद्यालयों के छात्र एवं छात्राओं ने सदन के प्रथम पाली की कार्यवाही एवं चाणक्य विधि विश्वविद्यालय, पटना के छात्र एवं छात्राओं ने सदन के द्वितीय पाली की कार्यवाही देखा । इस कार्य में बिहार विधान सभा के अतिरिक्त शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों का सहयोग प्राप्त हुआ ।

सत्र के दौरान कुल-6105 प्रश्नों की सूचना प्राप्त हुई । कुल-4288 प्रश्न स्वीकृत हुए, जिसमें 62 अल्पसूचित प्रश्न, 3404 तारांकित प्रश्न तथा 822 अतारांकित प्रश्न थे । इन स्वीकृत प्रश्नों में से 589 प्रश्न उत्तरित हुए एवं 1278 प्रश्नोत्तर सभा पटल पर रखे गये । 59 प्रश्न अपृष्ठ हुए एवं 2349 प्रश्न अनागत हुए ।

इस सत्र में कुल-976 निवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 828 स्वीकृत हुए एवं 148 अस्वीकृत हुए। कुल-323 याचिकाएँ प्राप्त हुई, जिनमें 211 स्वीकृत एवं 112 अस्वीकृत हुई।

इस सत्र में कुल-571 ध्यानाकर्षण सूचनाएँ प्राप्त हुई, जिनमें 54 वक्तव्य हेतु स्वीकृत हुए तथा 439 सूचनाएँ लिखित उत्तर हेतु संबंधित विभागों को भेजे गये एवं 78 अमान्य हुए ।

सत्र के दौरान माननीय सदस्यों द्वारा शून्यकाल के माध्यम से जनहित के मामले उठाये गये । बिहार विधान सभा की विभिन्न समितियों के प्रतिवेदन सदन पटल पर रखे गये ।

इस सत्र में प्रश्न काल का पटना दूरदर्शन द्वारा प्रसारण किया गया तथा सम्पूर्ण कार्यवाहियों की रिकॉर्डिंग भी की गयी जो एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है । इस कार्यों से जुड़े कर्मचारी एवं पदाधिकारीगण धन्यवाद के पात्र हैं ।

सत्र के संचालन में भरपूर तथा सौहार्दपूर्ण सहयोग के लिए माननीय मुख्यमंत्री, माननीय उप मुख्यमंत्री, माननीय मंत्रीगण, नेता, विरोधी दल एवं अन्य दलीय नेताओं के साथ ही पक्ष-प्रतिपक्ष के सभी सदस्यों का मैं आभारी हूँ । पत्र प्रतिनिधियों, समाचार एजेंसी, प्रेस मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, आकाशवाणी तथा दूरदर्शन ने जनमानस के बीच सदन की कार्यवाही को ले जाने का कार्य किया, उन्हें साधुवाद देता हूँ ।

सभा के कार्य संचालन में सभा सचिवालय के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा बिहार सरकार के पदाधिकारियों/कर्मचारियों सहित आरक्षी बल के जवानों ने जिस तत्परता, लगन और निष्ठा से अपने कर्त्तव्यों का निर्वहन कुशलतापूर्वक किया, इसके लिए वे धन्यवाद के पात्र हैं ।

अब सभा की बैठक अनिश्चित काल तक के लिये स्थगित की जाती है ।

❄❄❄❄❄